आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 16.04.2026 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े विधेयकों पर चर्चा के दौरान महिला भागीदारी पर दिया जोर।
- प्रदेश में आज से जनगणना 2027 के अंतर्गत स्वगणना का कार्य शुरू। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा- जनगणना देश के विकास की नींव
- प्रदेश में छठवें वेतनमान के कर्मचारियों का राहत और महंगाई भत्ता बढ़कर हुआ 257%, एरियर का भी मिलेगा लाभ।
- राज्य के छतरपुर, रतलाम, सतना, मंडला सहित 20 से ज्यादा जिलों में पारा 40 डिग्री के पार।

**लोकसभा महिला आरक्षण**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश की पचास प्रतिशत आबादी को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और नीति निर्माण में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व देना समय की मांग है। श्री मोदी ने आज लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संवैधानिक संशोधन से संबंधित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा के दौरान ये बात कहीं।

प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों से इस ऐतिहासिक विधेयक को राजनीतिक रंग न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह सभी के लिए और देश के लोकतंत्र के लिए लाभकारी होगा। श्री मोदी ने कहा कि इस विधेयक का विरोध करने वालों को भविष्य में इसके परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि यह विधेयक देश की दिशा और भविष्य तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण के पक्ष में है, लेकिन इसे सरल बनाया जाना चाहिए और परिसीमन से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आरक्षण लोकसभा की मौजूदा **543** सीटों पर आधारित होना चाहिए। चर्चा में भाग लेते हुए समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण का समर्थन करती है। उन्होंने इतने महत्वपूर्ण विधेयक को जल्दबाजी में लाने पर सवाल उठाया।

आपको बता दें कि संसद का तीन दिवसीय विशेष अधिवेशन आज से शुरू हुआ जो 18 अप्रैल तक चलेगा। सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने के लिए चर्चा की जा रही है। इस अधिनियम में लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है।

**नारी शक्ति वंदन**

प्रदेश में 10 से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इसको इसको लेकर सभी जिलों में जागरूकता कार्यक्रम और कार्यशाला आयोजित की जा रही हैं, खंडवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि इसको लेकर नगर निगम सभागृह में विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया। महापौर अमृता अमर यादव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विधेयक के समर्थन में

समर्थन में प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। मंदसौर के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में "नारी शक्ति वंदन सम्मेलन" कार्यक्रम का आयोजन हुआ, कार्यक्रम में जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला निर्मला भूरिया शामिल हुई। उन्होंने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को ऐतिहासिक निर्णय बताया और और कहा कि इससे नीति निर्धारण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी।

## जनगणना

आज से प्रदेश में जनगणना का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आज खुद स्व गणना का कार्य किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ आंकड़ों की प्रक्रिया नहीं बल्कि हमारे राष्ट्र के भविष्य को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की रीढ़ है, यह विकास की नींव है। इस बार की जनगणना डिजिटल और आधुनिक तकनीक के साथ हो रही है। प्रदेशवासियों को इसमें पूर्ण निष्ठा और सत्यता के साथ भाग ले ना चाहिये। यह जनगणना हमारे बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए है। प्रदेश में 16 से 30 अप्रैल तक ऑनलाईन स्व-गणना का कार्य होगा। एक से 30 मई तक मकान सूचीकरण होगा। यह प्रक्रिया डिजिटल रूप से होगी।

## डीए वृद्धि

राज्य शासन ने छठवें वेतनमान में वेतन प्राप्त कर रहे शासकीय सेवकों को राहत देते हुए महंगाई भत्ते में वृद्धि का निर्णय लिया है। इस फैसले से कर्मचारियों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिलेगा और लंबित एरियर का भी भुगतान सुनिश्चित किया गया है। संशोधित दरों के अनुसार महंगाई भत्ता 252 प्रतिशत से बढ़ाकर 257 प्रतिशत कर दिया गया है। यह 1 जुलाई 2025 से प्रभावशील होगा।

इस वृद्धि का वास्तविक लाभ कर्मचारियों को 1 अप्रैल 2026 से मिलना शुरू होगा। साथ ही, 1 जुलाई 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि का एरियर 6 समान किश्तों में मई से अक्टूबर 2026 तक दिया जाएगा, जिससे कर्मचारियों को चरणबद्ध रूप से आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

## सीएम-सिवनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नर्मदापुरम के सिवनी मालवा में 972.16 करोड़ के सड़क उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया। डॉ. यादव ने 106 करोड़ 34 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया। मुख्यमंत्री यहां हनुमान मंदिर से लेकर पुराने बस स्टैंड तक आयोजित रोड शो में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने शिक्षा के साथ पोषण को प्राथमिकता देते हुए शासकीय विद्यालयों में कक्षा 8वीं तक के बच्चों को टेट्रा पैक दूध उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

## यूजीसी-नारी शक्ति अधिनियम

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग- यूजीसी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए देशभर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। यूजीसी ने कहा कि इन कि इन पहलों से लैंगिक समानता, संवैधानिक मूल्यों और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महिलाओं के के समान प्रतिनिधित्व के महत्व पर सार्थक संवाद को बढ़ावा मिल रहा है। साथ ही, यह पहल समावेशी और सहभागी शासन की परिकल्पना में भी योगदान दे रही है। ये कार्यक्रम देशभर के

लगभग 777 संस्थानों में आयोजित किए गए, जिनमें 26 केंद्रीय विश्वविद्यालय, 32 राज्य विश्वविद्यालय और 719 कॉलेज शामिल हैं। इनमें एक लाख से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**मौसम**

अब खबर मौसम की, प्रदेश में पारा चढ़ने लगा है। आज रतलाम, झाबुआ, धार, आलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में आज तेज गर्मी रही। इससे पहले प्रदेश में बुधवार को गर्मी के तीखे तेवर देखने को मिले। सीजन में पहली बार 25 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री या इससे अधिक पहुंच गया। इंदौर और ग्वालियर भी सीजन के सबसे गर्म रहे और यहां पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया। वहीं बुरहानपुर, हरदा, रतलाम में गर्मी के कारण स्कूलों का समय बदलाव किया गया। शिवपुरी से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। आज सुबह से ही तेज धूप निकली। सुबह से ही तेज धूप के कारण अधिकतम तापमान में भी वृद्धि दर्ज की गई है। तेज धूप के कारण गर्मी का असर बढ़ गया है।

**संक्षिप्त समाचार**

1- श्योपुर में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य प्रारंभ हो चुका है। जिला प्रशासन ने किसानों से तय स्लॉट में गेंहू बिक्री के लिए आने की अपील की है।
2- जनगणना 2027 के महाभियान के अंतर्गत सागर कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में अपनी स्व-गणना की। इस अवसर पर उन्होंने जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए डिजिटल पोर्टल का उपयोग कर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करें और इस राष्ट्रव्यापी कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाएं।
3- गुना सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थी हवाई जहाज द्वारा नागालैंड शैक्षणिक भ्रमण पर जाएंगे।

4-शाजापुर के आईटीआई कॉलेज में आज युवा संगम कार्यक्रम के तहत रोजगार मेले का आयोजन किया गया।
5- राजगढ़ जिले से प्रदेश की प्रावीण्य सूची में भी इस बार छात्र-छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन रहा है। इसमें 12वीं के 7 विद्यार्थियों ने टॉप 10 में अपना नाम दर्ज कराया है। इसमें 5 छात्राएं और 2 छात्र शामिल हैं।

मुख्य समाचार एक बार फिर :-

- प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े विधेयकों पर चर्चा के दौरान महिला भागीदारी पर दिया जोर।
- प्रदेश में आज से जनगणना 2027 के अंतर्गत स्वगणना का कार्य शुरू। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा- जनगणना देश के विकास की नींव
- प्रदेश में छठवें वेतनमान के कर्मचारियों का राहत और महंगाई भत्ता बढ़कर हुआ 257%, एरियर का भी मिलेगा लाभ।
- राज्य के छतरपुर, रतलाम, सतना, मंडला सहित 20 से ज्यादा जिलों में पारा 40 डिग्री के पार।

-------------------------